अजमेर।

राजस्थान लोक सेवा आयोग में सदस्यों की नियुक्ति हो जाने के बाद इसके कामकाज में भी तेजी आई है। आयोग की ओर से 10 अगस्त से 9 सितम्बर तक चलने वाले प्रथम चरण के आरएएस साक्षात्कार के पहले व दौरान अन्य करीब 15 परीक्षाओं के साक्षात्कार भी समानांतर चलते रहेंगे। आयोग ने आगामी नवम्बर तक लिए जाने वाले साक्षात्कार कार्यक्रम भी जारी कर दिया है।

अन्य परीक्षाओं के साक्षात्कार पूर्ण होने के बाद आरएएस के साक्षात्कार के बोर्ड की संख्या तीन से पांच तक बढ़ाई जा सकती है। इससे आरएएस की साक्षात्कार प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी हो सके। आरएएस के 990 पदों के लिए 2027 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया है। माना जा रहा है साक्षात्कार प्रक्रिया मध्य नवम्बर तक पूरी कर ली जाएगी। प्रदेश को नए आरएएस अधिकारी नवम्बर के अंत तक मिल सकेंगे।

अन्य प्रमुख परीक्षाओं के साक्षात्कार कार्यक्रम

27 व 28 जुलाई - व्याख्याता सिविल, इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर. तकनीकी शिक्षा विभाग

1 व 2 अगस्त - सहायक अभियंता मेकेनिकल, भूजल विभाग व सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी.

3 अगस्त - सहायक अभियंता, भूजल विभाग व सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी रसायन विज्ञान.

4 अगस्त - मत्स्य विभाग अधिकारी, सहायक कृषि अधिकारी, व्याख्याता इलैक्ट्रॉनिक्स इंजी.

5 अगस्त - सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी, रसायन विज्ञान.

8- अगस्त - व्याख्याता इलैक्ट्रॉनिक्स. सहायक कृषि अधिकारी.वनस्पति आचार्य, आयुर्वेद,रसायनज्ञ, कनिष्ठ रसायनज्ञ.

9 अगस्त- व्याख्याता इलैक्ट्रॉनिक्स. एनालिस्ट, सहायक अभियंता सिविल, भूजल विभाग. तकनीकी सहायक, व्याख्याता इलैक्ट्रॉनिक्स.

10 से 12 अगस्त- व्याख्याता इलैक्ट्रॉनिक्स इंजी, तकनीकी शिक्षा विभाग.

16, 17, 22 से 24 अगस्त - सहायक अभियोजन अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा परीक्षा टीएसपी क्षेत्र के अलावा.

26 अगस्त - व्याख्याता टैक्सटाइल डिजाइन, कनिष्ठ भू -गर्भ शास्त्री, खान व भू विज्ञान विभाग.

29, 30 अगस्त व 1, 2, 5, 6, 7 8 व 9 सितम्बर - सहायक अभियोजन अधिकारी टीएसपी क्षेत्र के अलावा.

आगामी परीक्षाओं का कार्यक्रम

साल के अंत में प्रस्तावित है आरएएस मुख्य परीक्षा 2016.

28 अगस्त - को आरएएस (प्री-2016).

एक अक्टूबर - कनिष्ठ लेखाकार/टीआरए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2013 पुन:परीक्षा.

16 अक्टूबर - उपनिरीक्षक पुलिस

20 से 25 नवम्बर- वरिष्ठ अध्यापक- द्वितीय श्रेणी.

4 से 25 दिसम्बर- कनिष्ठ लिपिक ग्रुप दो प्रतियोगी परीक्षा 2013 के प्रथम व द्वितीय परीक्षा.

25 से 28 दिसम्बर- आरएएस/आरटीएस मुख्य परीक्षा 2016.